उदय प्रताप कालेज, वाराणसी
(स्वायत्तशासी संस्था)
नैक पुनर्मूल्यांकित 'B'ग्रेड

Udai Pratap College, Varanasi
(Autonomous Institution)
NAAC Re-accredited 'B' Grade

*College with Potential for Excellence, DST-FIST & DBT-Star College, B. Sc. (Hons.) Ag. Accredited with ICAR-NAEAB*
Mob: 9412677448 Fax- 0542-2282399, email: principalupc@gmail.com, Website: www.upcollege.ac.in

Date: 20.01.2024

## To Whom it May Concern

This is to certify that student grievances regarding challenges, revaluations of answer sheets, and retotaling of marks are handled in accordance with the following guidelines of the affiliated university *i.e.* Mahatma Gandhi Kashi Vidyapith, Varanasi:

1) Office order dated 10.06.2016,
2) Minutes of Examination Committee dated 22.06.2017 (Agenda No. 17)
3) Letter No. प० गो०/136/2021 dated 28.08.2021

Copy of the above mentioned documents is attached herewith.

Principal

PRINCIPAL
UDAI PRATAP COLLEGE
VARANASI

☎Office 0542-2222689

कुलसचिव
Registrar

महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ
वाराणसी–221002
Mahatma Gandhi Kashi Vidyapith
Varanasi-221002

पत्रांक/Ref.

दिनांक/Date. 10 जून, 2016

## कार्यालय–आदेश

कुलपति जी के आदेशानुसार वर्तमान सत्र 2015–16 से परीक्षाओं से सम्बन्धित लिखित उत्तर पुस्तिकाओं को जन सूचना अधिकार अधिनियम–2005 के अन्तर्गत उपलब्ध कराने हेतु आनलाइन व्यवस्था प्रारम्भ की जा रही है। इस व्यवस्था के अन्तर्गत अधोलिखित नियम एवं शर्तें होंगी :–

- आनलाइन आवेदन सत्र 2015–16 की वार्षिक एवं उसके पश्चात सम्पन्न होने वाली समस्त परीक्षाओं के लिए ही स्वीकार किये जायेंगे।
- परीक्षार्थी के परीक्षाफल घोषित होने की तिथि के उपरान्त एक माह तक आनलाइन आवेदन की सुविधा उपलब्ध रहेगी। निर्धारित अवधि के उपरान्त आवेदन किया जाना सम्भव नहीं होगा।
- आवेदक को विश्वविद्यालय नियमानुसार उत्तर पुस्तिका के निरीक्षण/छायाप्रति प्राप्त करने हेतु निर्धारित शुल्क रू. 200/–प्रति उत्तर पुस्तिका देय होगा।
- आवेदक को अपनी ई–मेल आई0डी0 अपना तथा अभिभावक का फोन नं0 प्रमुख रूप से उपलब्ध कराना होगा जिसके माध्यम से अग्रिम कार्यवाही सम्पन्न करते हुए सूचित किया जायेगा।
- विश्वविद्यालय नियमानुसार उत्तर पुस्तिकाओं के पुर्नमूल्यांकन का कोई प्राविधान नहीं है। केवल परिनिरीक्षण (Scrutiny) एवं उत्तर पुस्तिकाओं के अवलोकन की व्यवस्था प्राविधानित है।
- एक से अधिक प्रश्न पत्रों की उत्तर पुस्तिकाओं के अवलोकन हेतु प्रश्नपत्रवार अलग–अलग आवेदन करना आवश्यक होगा।

**सम्पूर्ण प्रक्रिया अधोलिखित होगी –**

- छात्र/छात्रायें विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.mgkvp.ac.in के होम पेज पर "Online Application for Inspection of Answer Books for session 2015-16" के अन्तर्गत बने लिंक "Important Instruction for Answer Book Viewing" के द्वारा उत्तर पुस्तिका अवलोकन (Answer Book Viewing) हेतु नियम एवं शर्तें पढ़ने के उपरान्त ही आवेदन करेंगे।
- उपरोक्त निर्देशों को पढ़ने के उपरान्त, उसी पृष्ठ पर दिये E-Challan के लिंक के माध्यम से निर्धारित शुल्क जमा करने हेतु विकल्प का चयन करते हुए आनलाइन Submission की कार्यवाही की जायेगी।
- अभ्यर्थियों को स्क्रीन पर दिये गये निर्देशों से सहमत होते हुए I Agree पर Click करना होगा।
- अगली स्क्रीन में अभ्यर्थियों को निर्धारित स्थान पर अपनी कक्षा व अनुक्रमांक को भरने के उपरान्त उनको मुख्य परीक्षा का पूर्ण विवरण स्क्रीन पर स्वतः दर्शित होगा।
- अभ्यर्थी को आनलाइन आवेदन करते समय सावधानीपूर्वक सभी वांछित सूचनाओं की पूर्ति कर किसी एक प्रश्न पत्र का चयन करना होगा तथा अपनी E-Mail ID निर्दिष्ट स्थान पर अंकित करनी होगी। अभ्यर्थी द्वारा दी गयी E-Mail ID पर Confirmation Massage के स्थान पर Answer Book Viewing के शुल्क भुगतान हेतु एक Link प्राप्त होगा। इस लिंक पर Click करते ही एक नया Page प्रदर्शित होगा जिसमें अभ्यर्थी द्वारा दिया गया विवरण एवं Registration Number होगा

- अभ्यर्थी द्वारा दी गयी E-Mail ID पर 01 माह के अन्दर चयनित प्रश्न पत्र की Scanned Copy विश्वविद्यालय द्वारा प्रेषित कर दी जायेगी।
- उत्तर पुस्तिका में किसी प्रश्न का मूल्यांकन न होने अथवा अंको के योग में त्रुटि होने की दशा में, उत्तर पुस्तिका की Scanned Copy प्राप्त होने की तिथि से एक सप्ताह के अन्दर अभ्यर्थी को "Application for reporting of problem in answer book viewed" लिंक के माध्यम से त्रुटि निवारण हेतु सूचित करना होगा। उक्त लिंक में अभ्यर्थी द्वारा आवेदन सम्बन्धी Registration No., Transaction ID एवं प्राप्त उत्तर पुस्तिका की Barcode संख्या सबमिट करने के उपरान्त त्रुटि विवरण अंकित किया जायेगा।

## अति–आवश्यक निर्देश

- विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.mgkvp.ac.in के होम पेज पर बने लिंक "Online Application for Inspection Book for session 2015-16" के अन्तर्गत बने लिंक "Important Instruction for Answer Book Viewing" के द्वारा उत्तर पुस्तिका अवलोकन (Answer Book Viewing) हेतु नियम एवं निर्देशों की भली–भाँति अध्ययन कर अपना आवेदन करें।
- अभ्यर्थियों आनलाइन आवेदन करते समय सावधानी पूर्वक सभी वांछित सूचनाओं की पूर्ति करें। आवेदन होने के उपरान्त किसी भी प्रकार का परिवर्तन स्वीकार्य नहीं होगा।
- परीक्षार्थी के परीक्षाफल घोषित होने की तिथि के उपरान्त एक माह तक आनलाइन आवेदन की सुविधा उपलब्ध रहेगी। निर्धारित अवधि के उपरान्त आवेदन किया जाना सम्भव नहीं होगा।
- उत्तर पुस्तिका अवलोकन (Answer Book Viewing) के अन्तर्गत उत्तर पुस्तिका की Scanned Copy अभ्यर्थी की पंजीकृत E-Mail ID पर उपलब्ध कराई जायेगी।
- विश्वविद्यालय नियमानुसार उत्तर पुस्तिकाओं के पुर्नमूल्यांकन का कोई प्राविधान नहीं है। केवल परिनिरीक्षण (Scrutiny) एवं उत्तर पुस्तिकाओं के अवलोकन की व्यवस्था प्राविधानित है।

कुलसचिव

संख्या–कु0स0 / 1745 / 2Aसाप्र–I(सू0अधि0उ0पु0अव0) / 2016 तद् दिनांक

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. मा0कुलपति जी, सूचनार्थ।
2. वित्त अधिकारी।
3. समस्त संकायाध्यक्ष / विभागाध्यक्ष / निदेशक / पाठ्यक्रम प्रभारी।
4. कुलानुशासक।
5. मुख्य गृहपति।
6. पुस्तकालयाध्यक्ष–केन्द्रीय पुस्तकालय।
7. समन्वयक–यू0जी0सी0यूनिट।
8. प्राचार्य / प्रबन्धक–समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय को वेबसाइट के माध्यम से सूचनार्थ।
9. उपकुलसचिव–परीक्षा / वाद प्रकोष्ठ / विशेष प्रकोष्ठ।
10. समस्त कार्यालय अधीक्षक / प्रभारी।
11. अधीक्षक / प्रभारी–सम्बद्धता।
12. श्री विनोद कुमार, प्रभारी–कम्प्यूटर सेण्टर को इस आशय से कि उपर्युक्त सूचना को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड करने का कष्ट करें।
13. सम्बन्धित पत्रावली।

कुलसचिव

# महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ, वाराणसी

## परीक्षा समिति की बैठक दिनांक 22–06–2017 का कार्यवृत्त

परीक्षा समिति की आपात बैठक दिनांक 22–06–2017 को मध्याह्न 12:00 बजे माननीय कुलपति जी अध्यक्षता में पंत प्रशासनिक भवन स्थित डॉ0 सर्वपल्ली राधाकृष्णन समिति कक्ष में सम्पन्न हुई। जिसमें अधोलिखित सदस्य उपस्थित हुए –

| | | |
|---|---|---|
| 1. | डॉ0 पृथ्वीश नाग, कुलपति | अध्यक्ष |
| 2. | डॉ0 नलिनी श्याम कामिल, प्रतिनिधि–संकायाध्यक्ष, मानविकी संकाय | सदस्य |
| 3. | प्रो0 नन्दलाल, संकायाध्यक्ष, समाज विज्ञान संकाय | सदस्य |
| 4. | प्रो0 कृपा शंकर जायसवाल, संकायाध्यक्ष, वाणिज्य एवं प्रबन्धशास्त्र संकाय | सदस्य |
| 5. | प्रो0 गोपाल प्रसाद नायक, प्रतिनिधि–संकायाध्यक्ष, शिक्षा संकाय | सदस्य |
| 6. | प्रो0 सत्या सिंह, संकायाध्यक्ष, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संकाय | सदस्य |
| 7. | डॉ0 वीरेन्द्र कुमार सिंह, संकायाध्यक्ष–कृषि विज्ञान संकाय | सदस्य |
| 8. | प्रो0 अशोक कुमार मिश्र, संकायाध्यक्ष, चिकित्सा विज्ञान संकाय | सदस्य |
| 9. | प्रो0 आर0पी0 सिंह, संकायाध्यक्ष, छात्रकल्याण संकाय | सदस्य |
| 10. | प्रो0 बृजेश कुमार सिंह, समन्वयक–मूल्यांकन केन्द्र | विशेष आमंत्रित |
| 11. | डॉ0 श्रीरंग नाथ मिश्र, महामंत्री–सम्बद्ध महाविद्यालय, अध्यापक संघ | विशेष आमंत्रित |
| 12. | श्री ओम प्रकाश, कुलसचिव/परीक्षा नियंत्रक | सदस्य–सचिव |
| **विश्वविद्यालय के अधिकारीगण :–** | | |
| 1. | श्री शमीम अहमद खाँ, उपकुलसचिव, सामान्य प्रशासन/अनुचित साधन प्रकोष्ठ | |
| 2. | डॉ0 सुरेन्द्र नाथ सिंह, सहायक कुलसचिव, परीक्षा सामान्य | |

**बैठक में अधोलिखित निर्णय लिए गए :–**

| | |
|---|---|
| **कार्य सूची–01** | परीक्षा समिति की बैठक दिनांक 03–02–2017 की कार्यवृत्ति की पुष्टि पर विचार। |
| **निर्णय :** | परीक्षा समिति की बैठक दिनांक 03–02–2017 की कार्यवृत्ति की पुष्टि की गयी। |
| **कार्य सूची–02** | परीक्षा समिति की आपात बैठक दिनांक 09–05–2017 की कार्यवृत्ति की पुष्टि पर विचार। |
| **निर्णय :** | परीक्षा समिति की आपात बैठक दिनांक 09–05–2017 की कार्यवृत्ति की पुष्टि की गयी। |
| **कार्य सूची–03** | वार्षिक परीक्षा–2017 में परीक्षा केन्द्रों के सम्बन्ध में उड़ाका दल से प्राप्त आख्या पर विचार। |

**निर्णय :** उड़ाका दल से प्राप्त आख्या पर सम्यक विचारोपरान्त परीक्षा समिति ने अधोलिखित परीक्षा केन्द्रों को परीक्षा की सुचिता को प्रभावित करने एवं नकल कराने हेतु चिन्हांकित करते हुए आरोपित परीक्षा केन्द्रों से स्पष्टीकरण प्राप्त करने तथा क्र0स0–6 को छोड़कर 1–5 तक के आरोपित परीक्षा केन्द्रों के सम्बन्ध में उड़ाका दल की सामूहिक नकल के सम्बन्ध में स्पष्ट संस्तुति न होने के कारण उड़ाकादल के संयोजकों से पुनः स्पष्ट संस्तुति प्राप्त करने हेतु पत्राचार करने का निर्णय लिया गया :–

| क्र. | आरोपित महाविद्यालय | प्रभावित महाविद्यालय | कक्षा |
|---|---|---|---|
| 1. | मुरलीधर उच्च शिक्षा संस्थान, गोलखरा, कोईरौना, संत रविदास नगर, भदोही (321) | 1. विमल सिंह महाविद्यालय, इटहरा, संत रविदास नगर, भदोही (316) | बी0ए0 प्रथम<br>बी0ए0 तृतीय |
| 2. | श्री संकट मोचन महिला महाविद्यालय, दानीपट्टी, वैरीवीसा, भदोही (320) | 1. पं0राजजियावन शुक्ल महाविद्यालय, रोरी, ज्ञानपुर, भदोही (319)<br>2. मुरलीधर उच्च शिक्षा संस्थान, गोलखरा, कोईरौना, संत रविदास नगर, भदोही (321) | बी0ए0 प्रथम |
| 3. | विवेकानन्द महाविद्यालय, सेमरी, बलिया (630) | 1. मॉ बन्धुई देवराज महाविद्यालय, पशुहारी, बलिया (638)<br>2. आशा सिंह महाविद्यालय, शाहपुर, टिटिहा, किड़िहरापुर, बलिया (689)<br>3. मॉ धनेश्वरी देवी महाविद्यालय, कुशहॉ, रसीदपुर, बलिया (697) | बी0ए0 प्रथम /बी0एस0सी0 प्रथम |
| 4. | विवेकानन्द गर्ल्स विद्यापीठ, इब्राहिमपट्टी, बलिया (6122) | 1. श्री रामकरण स्नातकोत्तर महाविद्यालय, भीमपुरा नं0–01 बलिया (625) | बी0ए0 तृतीय |
| 5. | मॉ धनेश्वरी देवी महाविद्यालय, कुशहां, रसीदपुर, बलिया (697) | 1. रमाशंकर महाविद्यालय, कुशहां, रसीदपुर, उधरन, बलिया (686)<br>2. राजनाथ सिंह महाविद्याल, लोहटा, पचदौरा, बलिया (6101) | बी0एस0सी0 प्रथम |
| 6. | जनता महाविद्यालय, नगरा, बलिया (643) | 1. बिन्देश्वरी महाविद्यालय, मलप, हरसेनपुर, बलिया (649)<br>2. मु0शहबान मेमोरियल महाविद्यालय, नगरा बलिया (658) | बी0ए0 प्रथम |

उपरोक्त के सम्बन्ध में अन्तिम निर्णय होने तक आरोपित महाविद्यालयों का सम्पूर्ण परीक्षाफल तथा प्रभावित महाविद्यालय के सम्मुखांकित कक्षा का परीक्षाफल रोके जाने का भी निर्णय लिया गया।

**कार्य सूची–04** बी0 पी0 एड0 प्रथम सेमेस्टर–2017 परीक्षा केन्द्र कोड संख्या–612 की संदिग्ध उत्तर पुस्तिकाओं के सम्बन्ध में प्रो0 बृजेश कुमार सिंह, समन्वयक–मूल्यांकन केन्द्र, शिक्षा संकाय भवन के पत्र पर विचार।

**निर्णय :** बी0 पी0 एड0 प्रथम सेमेस्टर परीक्षा–2017 की उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन के दौरान परीक्षा केन्द्र कोड–612 के बण्डल में उत्तर पुस्तिकाओं के क्रमांक में भिन्नता पाये जाने कक्ष निरीक्षक के हस्ताक्षर एवं केन्द्र की मुहर न होने तथा उत्तर पुस्तिकाओं के बाहर से लिखी होने के सम्बन्ध में मूल्यांकन समन्वयक से प्राप्त आख्या पर सम्यक विचारोपरान्त परीक्षा समिति ने सम्बन्धित परीक्षा केन्द्र से स्पष्टीकरण प्राप्त करने तथा अन्तिम निर्णय होने तक परीक्षा परिणाम स्थगित रखने का निर्णय लिया।

**कार्य सूची–05** विभिन्न मूल्यांकन केन्द्रों से प्राप्त संदिग्ध उत्तर पुस्तिका के सम्बन्ध में आख्या पर विचार।

| | |
|---|---|
| **निर्णय :** | (क) मानविकी संकाय स्थित वार्षिक परीक्षा–2017 के मूल्यांकन केन्द्र के समन्वयक प्रो0 सुरेश चन्द्र चौबे से प्राप्त आख्या पर सम्यक विचारोपरान्त परीक्षा समिति ने अधोलिखित निर्णय लिया–<br>1. परीक्षा केन्द्र–611 (देवेन्द्र पी0जी0 कालेज, बलिया) पर परीक्षा में सम्मिलित महाविद्यालय कोड–658 (मु0शहबान मेमोरियल महाविद्यालय, बलिया) के बी0ए0 प्रथम वर्ष, भूगोल–द्वितीय प्रश्न पत्र के अनु0–65817010018 से 65817010945 तक के उत्तर एक समान होने के सम्बन्ध में परीक्षा केन्द्र से स्पष्टीकरण प्राप्त करने तथा अन्तिम निर्णय होने तक देवेन्द्र पी0जी0 कालेज, बलिया (611) के सम्पूर्ण परीक्षाफल एवं मु0 शहबान मेमोरियल महाविद्यालय, बलिया (658) का बी0 ए0–प्रथम वर्ष का परीक्षाफल रोकने का निर्णय लिया गया।<br>2. अनुक्रमांक–64317010083 एवं 64317010084 बी0ए0 प्रथम भूगोल प्रथम प्रश्न पत्र की उत्तर पुस्तिकाओं पर कक्ष निरीक्षक के हस्ताक्षर न होने तथा अन्य परीक्षार्थियों की उत्तर पुस्तिका के साथ बण्डल में प्राप्त होने को गम्भीरता से लेते हुए परीक्षा समिति ने परीक्षा केन्द्र से स्पष्टीकरण प्राप्त करने का निर्णय लिया।<br>3. विभिन्न मूल्यांकन केन्द्रों से एक ही अनुक्रमांक की दो–दो कापियां प्राप्त हुई हैं। उक्त कापियों के सम्बन्ध में जांच हेतु परीक्षा समिति की बैठक दिनांक 03–02–2017 में इस हेतु गठित प्रो0 नन्दलाल, संकायाध्यक्ष–समाजविज्ञान संकाय की एकल समिति को संदर्भित करते हुए उक्त परीक्षार्थियों का परीक्षाफल अवरूद्ध रखने का निर्णय लिया।<br>4. परीक्षा केन्द्र–611 पर परीक्षा में सम्मिलित बी0ए0 द्वितीय खण्ड भूगोल प्रथम प्रश्न पत्र के 47 परीक्षार्थी जो परीक्षा में अनुपस्थित थे किन्तु मूल्यांकन हेतु बण्डल में उनकी भी कापियां प्राप्त हुई है, जिसे बाहर से लिखी होने की आशंका है। इसके जाँच हेतु डॉ0 सुरेन्द्र नाथ सिंह, सहायक कुलसचिव, परीक्षा सामान्य को नामित करते हुए जाँच आख्या मा0 कुलपति जी को प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया गया। |
| **कार्य सूची–06** | विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों में शोध मौखिकी सम्पन्न होने के उपरान्त अधोलिखित शोधार्थियों को उपाधि प्रदान किये जाने पर विचार। **(संलग्नक–03)** |
| **निर्णय :** | अधोलिखित शोधार्थियों को शोध उपाधि प्रदान करने का निर्णय लिया गया। |

विषय :– हिन्दी

| क्र.सं. | छात्र/छात्रा का नाम | शोध निर्देशक का नाम | शोध शीर्षक | शोध मौखिकी की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | श्री शैलेन्द्र कुमार<br>SHAILENDRA KUMAR | डॉ0 अनुराग कुमार | राजेन्द्र यादव : कथा सृष्टि एवं दृष्टि | 20–03–2017 |
| 2. | सुश्री माया रानी<br>MAYA RANI | डॉ0 रामाश्रय सिंह | कबीर के समाज दर्शन की प्रासंगिकता | 30–05–2017 |
| 3. | सुश्री रेखा<br>REKHA | डॉ0 अनुराग कुमार | आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी के निबन्धों में लोक और शास्त्र का द्वन्द्व | 14–06–2017 |

विषय :– संस्कृत

| क्र.सं. | छात्र/छात्रा का नाम | शोध निर्देशक का नाम | शोध शीर्षक | शोध मौखिकी की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | सुश्री ओम देवी<br>OM DAVI | डॉ0 दीपक कुमार | भास के रुपकों में सामाजिक एवं आर्थिक व्यवस्था | 29–03–2017 |

विषय :— समाजशास्त्र

| क्र.सं. | छात्र/छात्रा का नाम | शोध निर्देशक का नाम | शोध शीर्षक | शोध मौखिकी की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | श्री शैलेश मिश्र<br>SHAILESH MISHRA | प्रो0 अमिता सिंह | वैश्वीकरण का नगरीय परिवारों पर प्रभाव (गाजीपुर में निवासित परिवारों का सामाजिक–आर्थिक मूल्यांकन | 18—03—2017 |
| 2. | श्री अजय कुमार तिवारी<br>AJAY KUMAR TIWARI | प्रो0 ब्रजेश कुमार सिंह | हिन्दू और मुस्लिम समुदाय में लिंगानुपात की प्रवृत्ति का समाजशास्त्रीय अध्ययन(सुल्तानपुर जनपद के अखण्डनगर विकासखण्ड के विशेष संदर्भ में) | 10—06—2017 |

विषय :— राजशास्त्र

| क्र.सं. | छात्र/छात्रा का नाम | शोध निर्देशक का नाम | शोध शीर्षक | शोध मौखिकी की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | श्री संजय कुमार मौर्य<br>SANJAY KUMAR MAURYA | प्रो0 अवधनारायण दूबे | श्री अरविन्द का राजनीतिक चिन्तन : एक विश्लेषणात्मक अध्ययन | 09—02—2017 |
| 2. | सुश्री ज्योति सिंह<br>JYOTI SINGH | प्रो0 सतीश कुमार | भारत में राजनीति का अपराधीकरण और चुनाव सुधार | 07—04—2017 |

विषय :— अर्थशास्त्र

| क्र.सं. | छात्र/छात्रा का नाम | शोध निर्देशक का नाम | शोध शीर्षक | शोध मौखिकी की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | श्री रक्षित द्विवेदी<br>RAKSHTI DWIVEDI | प्रो0 सत्येन्द्र नाथ चतुर्वेदी | Role of Media in Economic Development of India Since 1991 | 25—02—2017 |

विषय :— समाजकार्य

| क्र.सं. | छात्र/छात्रा का नाम | शोध निर्देशक का नाम | शोध शीर्षक | शोध मौखिकी की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | श्री राजेश कुमार गुप्ता<br>RAJESH KUMAR GUPTA | प्रो0 मणिभूषण पाण्डेय | स्वर्ण जयन्ती ग्राम स्वरोजगार योजना : संरचना प्रकार्यात्मकता एवं प्रभाव | 08—02—2017 |
| 2. | सुश्री कविता सिंह<br>KAVITA SINGH | प्रो0 राम चन्द्र पाठक | कामकाजी महिलाएँ : दोहरे दायित्वों से उद्भूत समस्याएँ एवं समाधान | 10—04—2017 |
| 3. | सुश्री नमिता सिंह<br>NAMITA SINGH | प्रो0 राम चन्द्र पाठक | भारतीय परिवेश में कन्या भ्रूण हत्या की बढ़ती समस्या | 10—04—2017 |

| | |
|---|---|
| **कार्य सूची—07** | आयुर्वेदिक मेडिकल कालेज के BAMS I$^{st}$ Professional-2016 के संस्कृत प्रश्न पत्र के सम्बन्ध में विभागाध्यक्ष—संस्कृत विभाग से प्राप्त आख्या पर विचार।<br>(अग्रेतर उल्लेखनीय है कि BAMS I$^{st}$ Professional-2016 के परीक्षार्थियों द्वारा संस्कृत प्रश्न पत्र में सी0सी0आई0एम0 के द्वारा निर्धारित पाठ्यक्रम से बाहर एवं विषयान्तर प्रश्न पूछे जान की शिकायत की गयी थी। जिस पर संकायाध्यक्ष—चिकित्सा विज्ञान के सुझाव पर विभागाध्यक्ष—संस्कृत विभाग से परीक्षण कराकर आख्या प्राप्त की गयी।) |

| | |
|---|---|
| **निर्णय :** | परीक्षा समिति द्वारा विभागाध्यक्ष–संस्कृत विभाग द्वारा प्राप्त आख्या पर सम्यक विचारोपरान्त परीक्षार्थियों द्वारा की गई शिकायत को संज्ञान में लते हुए BAMS I[st] Professional-2016 के संस्कृतम प्रश्न पत्र के पार्ट–बी के प्रश्न संख्या–07 एवं 09 को विलोपित (Minus) करते हुए प्राप्तांक को 100 के पूर्णांक में अनुपातिक रूप से विभक्त करते हुए मूल्यांकन कराये जाने का निर्णय लिया। |
| **कार्य सूची–08** | स्नातकोत्तर प्रथम सेमेस्टर राजनीति विज्ञान महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ परिसर एवं बलदेव स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बड़ागांव, वाराणसी के छात्रों की कम अंक प्रदान किये जाने की शिकायत पर मा0 कुलपति जी के आदेशानुसार प्रो0 नन्द लाल, अध्यक्ष–राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा उत्तर पुस्तिकाओं के पुनरीक्षण के पश्चात प्राप्त आख्या पर विचार। |
| **निर्णय :** | परीक्षा समिति ने एम0 ए0 प्रथम सेमेस्टर राजनीति विज्ञान के परीक्षार्थियों द्वारा कम अंक प्रदान करने सम्बन्धी शिकायत एवं इसके परिपेक्ष्य में मा0 कुलपति जी द्वारा अधिकृत परीक्षक प्रो0 नन्दलाल–अध्यक्ष, राजनीति विज्ञान से प्राप्त आख्या पर सम्यक विचारोपरान्त परीक्षकों द्वारा किये गये उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन को सही माना तथा अनु0–10017661020 के तृतीय प्रश्न पत्र की उत्तर पुस्तिका एवं अंकपर्ण में भिन्न–भिन्न अंक होने को संज्ञान में लेते हुए उत्तर पुस्तिका में प्राप्त अंक–25 के आधार पर संशोधित अंकपत्र निर्गत करने का निर्णय लिया। |
| **कार्य सूची–09** | दिनांक 09–05–2017 की परीक्षा समिति की कार्यसूची–04 में लिए गये निर्णय पर पुनर्विचार के सम्बन्ध डॉ0 के0 एस0 पाठक, प्रदेश–अध्यक्ष, अनुदानित महाविद्यालय स्ववित्तपोषित शिक्षक संघ, उत्तर प्रदेश के पत्र पर विचार।<br>(अग्रेतर उल्लेखनीय है कि उपरोक्त शिक्षक स्नातकोत्तर कक्षाओं में उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन एवं प्रायोगिक/मौखिक परीक्षा में परीक्षक बनाये जाने की मांग किए थे। जिस पर परीक्षा समिति की बैठक दिनांक 02–02–2013 के निर्णय संख्या–04 के अनुसार कार्यवाही करने का निर्णय लिया गया। उक्त निर्णय में स्ववित्तपोषित शिक्षकों को मात्र स्नातक स्तर की परीक्षाओं में उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन एवं प्रायोगिक/मौखिक परीक्षाओं में परीक्षक बनाये जाने का निर्णय है।) |
| **निर्णय :** | सम्यक विचारोपरान्त परीक्षा समिति ने सम्बन्धित मांगों पर विचार करने हेतु अधोलिखित सदस्यों की एक समिति का गठन किया :–<br>1. प्रो0 के0एस0 जायसवाल–संकायाध्यक्ष, वाणिज्य एवं प्रबन्धशास्त्र<br>2. प्रो0 नन्दलाल–संकायाध्यक्ष, समाजविज्ञान संकाय<br>3. डॉ0 रंगनाथ मिश्र–महामंत्री, सम्बद्ध महाविद्यालय शिक्षक संघ |
| **कार्य सूची–10** | स्ववित्तपोषित महाविद्यालयों के शिक्षकों को प्रायोगिक विषयों में परीक्षक बनाये जाने हेतु डॉ0 अर्चना एवं आदि के संयुक्त हस्ताक्षरित प्रार्थना पत्र पर विचार।<br>(अग्रेतर उल्लेखनीय है कि गृह विज्ञान विषय की प्रवक्ता डॉ0 अर्चना एवं आदि ने महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ से सम्बद्ध स्ववित्तपोषित महाविद्यालयों में अनुमोदित अध्यापकों से अन्य राज्य विश्वविद्यालयों से सम्बद्ध स्ववित्तपोषित शिक्षकों की भॉति प्रायोगिक/मौखिक परीक्षा हेतु परीक्षक बनाये जाने की मांग किया है।) |
| **निर्णय :** | उपरोक्त मांग पर भी विचार हेतु कार्यसूची–9 में गठित समिति को संदर्भित करने का निर्णय लिया गया। |
| **कार्य सूची–11** | भूगोल विषय की प्रायोगिक परीक्षा में परीक्षक नियुक्त किए जाने के सम्बन्ध में लोकनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय, चन्दौली के प्राध्यापक डॉ0 प्रेमचन्द पाण्डेय के पत्र पर विचार।<br>(अग्रेतर उल्लेखनीय है कि डॉ0 प्रेमचन्द पाण्डेय ने अपने प्रार्थना पत्र में उल्लेख किया है कि मैं वर्ष 1984 से 1987 तक हरिश्चन्द्र पी0जी0 कालेज, वाराणसी में भूगोल विषय का अंशकालिक प्रवक्ता नियुक्त था। वर्तमान में स्ववित्तपोषित महाविद्यालय |

| | |
|---|---|
| | लोकनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय, चन्दौली में कार्यरत हूँ।) |
| **निर्णय :** | उपरोक्त मांग पर भी विचार हेतु कार्यसूची–9 में गठित समिति को संदर्भित करने का निर्णय लिया गया। |
| **कार्य सूची–12** | सुश्री पूनम यादव, बी0ए0 तृतीय वर्ष, सरदार पटेल महाविद्यालय, वाराणसी को कॉमनवेल्थ गेम्स–2014, एशियन गेम्स–2015 तथा वर्ल्ड चैम्पियनशिप–2016 में भाग लेने तथा इस हेतु प्रशिक्षण कैम्पों में व्यस्तता को दृष्टिगत रखते हुए विशेष स्थिति में मा0 कुलपति जी द्वारा 01 वर्ष का अतिरिक्त समय प्रदान करते हुए वर्ष–2017 की बी0ए0 तृतीय वर्ष की वार्षिक परीक्षा में सम्मिलित होने की अनुमति के आदेश का अनुमोदन। |
| **निर्णय :** | परीक्षा समिति द्वारा विशेष स्थिति को दृष्टिगत रखते हुए मा0 कुलपति जी द्वारा सुश्री पूनम यादव को स्नातक परीक्षा उत्तीर्ण करने हेतु प्रदान किये गये अतिरिक्त एक वर्ष के आदेश को अनुमोदित करते हुए बी0ए0–तृतीय वर्ष का परीक्षाफल घोषित करने का निर्णय लिया गया। |
| **कार्य सूची–13** | विषय परिवर्तन एवं छूटी हुए 02 प्रश्न पत्रों में पुनः परीक्षा देने के सम्बन्ध में श्री प्रमोद कुमार राय, बी0 ए0–तृतीय खण्ड (व्यक्तिगत) के प्रार्थना पत्र पर विचार।<br>(अग्रेतर उल्लेखनीय है कि श्री प्रमोद कुमार राय महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ परिसर से बी0ए0 प्रथम एवं द्वितीय खण्ड की परीक्षा संस्थागत परीक्षार्थी के रूप में उत्तीर्ण करने के पश्चात सरकारी नौकरी में चयनित हो गये। जिसके बाद वर्ष–2017 में बी0ए0 तृतीय खण्ड की परीक्षा में व्यक्तिगत परीक्षार्थी के रूप में आवेदन किया। किन्तु भूलवश पत्रकारिता प्रायोगिक विषय का चयन कर लिया। श्री राय का कहना है कि संज्ञान में आने पर विश्वविद्यालय से दूसरे गैर प्रायोगिक विषय इतिहास में सम्मिलित होने की अनुमति मांगा था। किन्तु विलम्ब से दिनांक 29–04–2017 को अनुमति प्राप्त होने के कारण प्रथम एवं द्वितीय प्रश्न पत्र की परीक्षा छूट गयी मात्र तृतीय प्रश्न पत्र में सम्मिलित हो सका।) |
| **निर्णय :** | परीक्षा समिति द्वारा श्री प्रमोद कुमार राय से रु01,000/– शुल्क जमा कराकर इतिहास विषय के छूटे हुए प्रथम एवं द्वितीय प्रश्न पत्र की परीक्षा बैक परीक्षा के साथ कराये जाने हेतु अनुमति प्रदान किया गया। |
| **कार्य सूची–14** | अरूण कुमार केशरी महिला पी0जी0 कालेज, मधुपुर, सोनभद्र की एम0ए0 तृतीय सेमेस्टर समाजशास्त्र की चार छात्राओं द्वारा परीक्षा फार्म में चयनित किए गये प्रश्न पत्र के स्थान पर दूसरे प्रश्न पत्र की परीक्षा में सम्मिलित हो जाने के फलस्वरूप अवरूद्ध परीक्षाफल घोषित किये जाने पर विचार।<br>(अग्रेतर उल्लेखनीय है कि उक्त महाविद्यालय की चार छात्राओं द्वारा एम0ए0 तृतीय सेमेस्टर समाजशास्त्र–2017 के परीक्षा फार्म में Industry and Society प्रश्न पत्र का चयन कर दूसरे प्रश्न पत्रों में सम्मिलित हो गयी। जिसके कारण इनका परीक्षाफल अवरूद्ध है।) |
| **निर्णय :** | परीक्षा समिति द्वारा इस प्रकार के कृत्य को अनुशासनहीनता मानते हुए रु02,000/– का दण्ड शुल्क जमा कराने के उपरान्त परीक्षाफल घोषित करने का निर्णय लिया गया साथ ही इस प्रकार के समान प्रकरण में भी रु02,000/–दण्ड शुल्क जमाकर परीक्षाफल घोषित करने हेतु परीक्षा नियंत्रक को अधिकृत किया गया। |
| **कार्य सूची–15** | श्री अर्जुन कुमार सिंह बी0काम0 तृतीय वर्ष आर0एन0सी0 डिग्री कालेज, बलिया तथा श्री आदित्य राज बी0काम0 तृतीय श्री मुरली मनोहर टाउन स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बलिया द्वारा चयनित प्रश्न पत्र के स्थान पर दूसरे प्रश्न पत्र की परीक्षा में सम्मिलित हो जाने के कारण अवरूद्ध परीक्षाफल घोषित करने सम्बन्धी प्रार्थना पत्र पर विचार।<br>(अग्रेतर उल्लेखनीय है कि उपरोक्त दोनों छात्र वर्ष–2016 में बी0काम0 तृतीय |

| | |
|---|---|
| | खण्ड के Information Technology प्रश्न पत्र की परीक्षा में सम्मिलित हुए किन्तु उसकी 20 नम्बर की प्रायोगिक परीक्षा नहीं दिया। जिसके कारण अनुत्तीर्ण हो गये। इन दोनों छात्रों द्वारा पुनः प्रायोगिक परीक्षा न देकर दूसरे प्रश्न पत्र Indirect Tax का चयन कर बैक पेपर की परीक्षा में सम्मिलित हो गये। जिसके कारण इनका परीक्षाफल अवरूद्ध है।) |
| **निर्णय :** | परीक्षा समिति द्वारा उक्त दोनों परीक्षार्थियों को प्रायोगिक परीक्षा में न सम्मिलित होकर दूसरे प्रश्न पत्र का स्वतः चयन कर बैक परीक्षा में सम्मिलित हो जाने के कृत्य को अनुशासनहीनता मानते हुए परीक्षाफल अनुत्तीर्ण घोषित करने का निर्णय लिया गया। |
| **कार्य सूची–16** | श्री समीर कुमार मिश्रा एम0ए0 मॉस कम्यूनिकेशन द्वितीय सेमेस्टर का परीक्षा के दौरान जब्त मोबाइल में से सिम कार्ड वापस करने सम्बन्धी प्रार्थना पत्र पर विचार। |
| **निर्णय :** | परीक्षा समिति द्वारा श्री समीर कुमार मिश्रा द्वारा परीक्षा कक्ष में मोबाइल लेकर जाने को अनुशासनहीनता मानते हुए सिम वापस करने से पूर्व उस दौरान मोबाइल प्रयोग किए जाने के सम्बन्ध में सिम की जांच हेतु अधोलिखित सदस्यों की एक समिति का गठन किया :–<br>1. प्रो0 सत्या सिंह–संकायाध्यक्ष, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी।<br>2. श्री विनोद कुमार–प्रभारी, संगणक केन्द्र तथा सहयोग हेतु श्री सचिन जैसल–कम्प्यूटर सहायक, प्रबन्धशास्त्र विभाग को नामित किया गया। |
| **अध्यक्ष की अनुमति से –** | |
| **प्रस्ताव–17** | कुलाधिपति महोदय की अध्यक्षता में समस्त राज्य विश्वविद्यालयों के कुलपतिगण की बैठक दिनांक 24–10–2016 में लिये गये निर्णयों पर आवश्यक कार्यवाही किये जाने सम्बन्धी विशेष कार्याधिकारी/पदेन सचिव, श्री राज्यपाल, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के पत्र संख्या–ई–10373/जी0एस0 दिनांक 11–11–2016 को परीक्षा समिति के विचारार्थ कार्यपरिषद की बैठक दिनांक 29–05–2017 के निर्णय संख्या–11 में सन्दर्भित किया गया है। |
| निर्णय : | **परीक्षा समिति द्वारा मा0कुलाधिपति की बैठक में लिये गये निर्णय के समस्त बिन्दुओं को संज्ञान में लेते हुये चैलेजिंग मूल्यांकन की व्यवस्था लागू करने हेतु सहमति बनी। मूल्यांकन चैलेंज हेतु परीक्षार्थी को रूपये 3,000/–जमा कराकर अधिकतम दो प्रश्न पत्रों में सुविधा प्रदान करने का निर्णय इस शर्त के साथ लिया गया कि 05 अंक से अधिक अंक की वृद्धि पर शुल्क वापस किया जायेगा तथा 05 अंक से कम अंक होने पर शुल्क वापस नहीं होगा साथ ही घटा हुआ अंक देय होगा।** |
| **प्रस्ताव–17** | सुश्री सीमा मौर्या, अनुक्रमांक–12413201708 एम0ए0(व्यक्तिगत) समाजशास्त्र अन्तिम वर्ष–2014 की छुटी हुई मौखिकी परीक्षा कराये जाने सम्बन्धी प्रार्थना पत्र पर विचार। |
| निर्णय : | **परीक्षा समिति द्वारा स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम 04 वर्ष में पूर्ण कर लेने के नियम को दृष्टिगत रखते हुए सुश्री सीमा मौर्या की मांग को अस्वीकार करने का निर्णय लिया।** |
| **प्रस्ताव–18** | श्री संदीप कुमार पटेल, अनुक्रमांक–14313200027 एम0ए0(व्यक्तिगत) प्राचीन इतिहास द्वितीय वर्ष–2014 की छुटी हुई मौखिकी परीक्षा कराये जाने सम्बन्धी प्रार्थना पत्र पर विचार। |
| निर्णय : | **परीक्षा समिति द्वारा स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम 04 वर्ष में पूर्ण कर लेने के नियम को दृष्टिगत रखते हुए सुश्री सीमा मौर्या की मांग को अस्वीकार करने का निर्णय लिया।** |
| **प्रस्ताव–19** | सुश्री कंचन चौबे, अनुक्रमांक–12313201872 एम0ए0(व्यक्तिगत) हिन्दी अन्तिम वर्ष–2013 की छुटी हुई मौखिकी परीक्षा कराये जाने सम्बन्धी प्रार्थना पत्र पर विचार। |

| | |
|---|---|
| निर्णय : | **परीक्षा समिति द्वारा स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम 04 वर्ष में पूर्ण कर लेने के नियम को दृष्टिगत रखते हुए सुश्री सीमा मौर्या की मांग को अस्वीकार करने का निर्णय लिया।** |
| प्रस्ताव–20 | सुश्री ज्योति यादव, अनुक्रमांक–10015750002 पी0जी0 डिप्लोमा इन वालेन्टरी एक्शन एण्ड एन0जी0ओ0 मैनेजमेण्ट–2015 द्वारा छुटी हुयी बैक परीक्षा पुनः कराये जाने सम्बन्धी प्रार्थना पत्र पर विचार। |
| निर्णय : | **परीक्षा समिति द्वारा सुश्री ज्योति यादव की मांग को अस्वीकार करते हुए पुनः सम्पूर्ण परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु अवसर प्रदान करने का निर्णय लिया गया।** |
| प्रस्ताव–21 | श्री संदीप कुमार मौर्य आदि के संयुक्त हस्ताक्षरित प्रार्थना पत्र जो बी0एड0 द्वितीय सेमेस्टर चतुर्थ प्रश्न पत्र एवं एम0एस0सी0 रसायन विज्ञान चतुर्थ सेमेस्टर का वैकल्पिक प्रश्न पत्र की परीक्षा एक तिथि/पॉली में होने के कारण किसी एक प्रश्न पत्र की परीक्षा बाद में कराये जाने सम्बन्धी प्रार्थना पत्र पर विचार। |
| निर्णय : | **परीक्षा समिति द्वारा सम्यक विचारोपरान्त छुटे हुये परीक्षार्थियों की परीक्षा आगामी द्वितीय/चतुर्थ सेमेस्टर की परीक्षा के साथ बिना शुल्क कराये जाने का निर्णय लिया गया।** |
| प्रस्ताव–22 | प्राचार्य, शिवलोक श्रीनेत स्नातकोत्तर महाविद्यालय, मिर्जापुर का पत्र श्री प्रवीण कुमार दूबे बी0एड0 सत्र 2014–15 की छुटी हुयी प्रायोगिक परीक्षा कराये जाने के सम्बन्ध में विचार। |
| निर्णय : | **परीक्षाा समिति ने सम्यक विचारोपरान्त प्रार्थना पत्र अमान्य करने का निर्णय लिया।** |

अध्यक्ष महोदय को धन्यवाद देकर बैठक समाप्त हुई।

**ह0**
**कुलसचिव/परीक्षा नियंत्रक**

**ह0**
**कुलपति**

पत्रांक : प0गो0/14002/परीक्षा समिति/2017

दिनांक : 28 जून, 2017

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. माननीय कुलपति जी।
2. परीक्षा समिति के सम्मानित सदस्यगण।
3. वित्त अधिकारी।
4. कुलसचिव।
5. उप कुलसचिव–अनुचित साधन प्रकोष्ठ।
6. सहायक कुलसचिव–परीक्षा सामान्य।
7. अधीक्षक–परीक्षा गोपनीय/समिति अनुभाग/सम्बद्धता विभाग।
8. प्रभारी, संगणक केन्द्र को इस आशय से कि विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपरोक्त कार्यवृत्त को सम्बन्धित व्यक्ति एवं जन साधारण के सूचनार्थ अपलोड कर दें।
9. सम्बन्धित पत्रावली।

**ह0**
**कुलसचिव/परीक्षा नियंत्रक**

परीक्षा नियंत्रक / कुलसचिव
Controller of Examinations/ Registrar

महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ, वाराणसी–221002
Mahatma Gandhi Kashi Vidyapith, Varanasi-221002

***Ref./पत्रांक :*** प0गो0 / 136— / 2021 ***Date/दिनांक :*** 28 अगस्त, 2021

<u>चुनौती मूल्यांकन</u>

महामहिम राज्यपाल एवं कुलाधिपति महोदय के आदेश संख्या ई–2129 / 03–जी0 एस0 / 2019 टी0सी0 दिनांक 24.04.2020 के अनुपालन में विश्वविद्यालय में चुनौती मूल्यांकन हेतु अधोलिखित प्रकार दिशा निर्देश निर्धारित किया जाता है–

**आवेदन अवधि–** चुनौती मूल्यांकन (Challenge Evaluation) के लिए परीक्षार्थी परीक्षाफल घोषित होने के 30 (तीस) दिन के अन्दर ऑनलाइन आवेदन कर सकते है।

**चुनौती मूल्यांकन शुल्क–** चुनौती मूल्यांकन (Challenge Evaluation) के लिए सभी पाठ्यक्रम के परीक्षार्थी को रू0 2500 / – प्रति प्रश्नपत्र ऑनलाइन जमा करना होगा।

**उत्तर पुस्तिकाएं उपलब्ध कराने के सम्बन्ध में–** जनसूचना अधिकार अधिनियम के अन्तर्गत स्कैन उत्तर पुस्तिकाएं उपलब्ध करायी जा रही है।

**चुनौती मूल्यांकन की प्रक्रिया–**

1. प्रत्येक प्रश्नपत्र के चुनौती मूल्यांकन (Challenge Evaluation) हेतु परीक्षा नियंत्रक द्वारा सम्बन्धित विषयों के दो विषय विशेषज्ञ नामित किये जायें।
2. चुनौती मूल्यांकन (Challenge Evaluation) में दोनों परीक्षकों द्वारा दिये गये अंकों का औसत छात्रों के अंकपत्र में देय हो।

**चुनौती मूल्यांकन के प्राप्तांक सम्बन्धी गाईडलाइन–**

1. चुनौती मूल्यांकन (Challenge Evaluation) में यदि मूल प्राप्तांक के 20 प्रतिशत या उससे कम का अन्तर होता हो तो जमा शुल्क वापस नहीं किया जाय।
2. चुनौती मूल्यांकन (Challenge Evaluation) से यदि परीक्षार्थी के प्राप्तांक 20 प्रतिशत से अधिक वृद्धि होती हो तो रू0 1000 / – कटौती करके शेष धनराशि वापस कर दी जाय।

3. चुनौती मूल्यांकन (Challenge Evaluation) में प्राप्तांक अंकों में 20 से अधिक बदलाव होने की स्थिति में मूल मूल्यांकनकर्ता के विरूद्ध कार्यवाही करने हेतु परीक्षा समिति के द्वारा निर्णय लिया जाएगा।

विश्वविद्यालय के चुनौती मूल्यांकन हेतु यही दिशा निर्देश वर्तमान एवं भविष्य में प्रभावी है। किसी भी छात्र की चुनौती मूल्यांकन हेतु आवेदन करने के लिए उत्तर पुस्तिका के प्रति को संलग्न किया जाना आवश्यक नहीं है। निर्धारित शुल्क के साथ सादे कागज पर आवेदन किया जा सकता है।

परीक्षा नियंत्रक / कुलसचिव

**प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–**

1. कुलपति जी, सूचनार्थ।
2. वित्त अधिकारी।
3. समस्त संकायाध्यक्ष / विभागाध्यक्ष / निदेशक / पाठ्यक्रम प्रभारी।
4. प्राचार्य / प्रबन्धक, समबद्ध महाविद्यालय– वेबसाइट के माध्यम से।
5. सहायक कुलसचिव, परीक्षा सामान्य।
6. अधीक्षक, परीक्षा सामान्य।
7. प्रभारी, संगणक केन्द्र को इस आशय से कि उक्त सूचना को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड कर दें।

परीक्षा नियंत्रक / कुलसचिव